हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, मंगलवार 11 नवंबर 2025
सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

तापमान
अधिकतम 27.2 डिग्री
न्यूनतम 14.6 डिग्री

12 भूकेल स्कूल की छात्राओं को सरस्वती साइकिल...


12 परिणाम से बड़ा होता है खेल से मिला अनुभव...


## खबर संक्षेप

### हथियार लहराकर डरा रहे युवक पर कार्रवाई

**महासमुंद।** हथियार लहराकर लोगों को डराने वाले युवक के खिलाफ खल्लारी थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी ग्राम आंवराडबरी पंचायत के पास में ग्राम भीमखोज का सचिन ध्रुव लोहे का धारदार तब्बल नुमा हथियार लहराते हुए लोगों को डरा धमका रहा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी के कब्जे से हथियार जब्त किया आरोपी के खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया गया।

### सब्जी व्यवसायी के घर से नकदी व जेवर चोरी

**महासमुंद।** पिथौरा थाना क्षेत्र के ग्राम कसहीबाहरा में सब्जी व्यवसायी के घर से नकदी समेत सोने-चांदी के जेवर की चोरी हो गई। चोरी गए सामानों की कीमत 80 हजार रुपए बताया गया है। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के विरूद्ध बीएनएस की धारा 305(ए), 331(3) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार भक्तकुमार यादव ने पुलिस को बताया कि वह सब्जी व्यवसायी हैं। 7 नवंबर को करीब 12 बजे घर में ताला लगाकर पत्नी गंगाबाई के साथ सब्जी बाड़ी गये थे। बाड़ी से दोपहर करीब 03 बजे घर पहुंचा तो घर के मेन गेट का ताला टूटा हुआ था। अंदर कमरे का ताला भी टूटा हुआ था। पेटी से चांदी की 2 जोड़ी सांटी, सोने की 1 नग मराठी माला, सोने का 1 नग लॉकेट, सोने की 1 जोड़ी खिनवा, सोने की 1 नग फुल्ली और नकदी 30 हजार रूपए गायब थे।

### मुरूम का अवैध परिवहन, अज्ञात लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** मुरूम के अवैध परिवहन की रिपोर्ट पर अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ तुमगांव थाने में मामला दर्ज किया गया है। मामले की रिपोर्ट शेल्के कंस्ट्रक्शन प्राईवेट लिमिटेड ग्राम पचेडा कैंप अभनपुर के लाईजनिंग आफिसर ने दर्ज कराई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 8 नवंबर को कंपनी के सुपरवाईजर ने फोन से सूचना दी कि राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच 53 दुर्ग से रायपुर बाईपास का निर्माण कार्य के लिये मिट्टी/मुरूम के लिए शासकीय भूमि ग्राम गुरूडीह थाना तुमगांव से वाहन क्रमांक सीजी 22 एएफ 9673 से मुरूम का परिवहन किया जा रहा था, इसी दौरान ग्राम मालीडीह में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा वाहन को रोककर कर्मचारियों को गाली गलौज कर मारपीट की धमकी देकर परिवहन बंद करा दिया गया। मामले की रिपोर्ट पर धारा 296, 351(2), 126(2), 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### कुलिया में ग्रामीण कबड्डी प्रतियोगिता 15 से

**कोमाखान।** ग्राम कुलिया में



ग्रामीण कबड्डी प्रतियोगिता का दो दिवसीय आयोजन 15 नवंबर से किया गया है, जो 16 नवम्बर तक चलेगी। इस संबंध में संस्थापक व संचालक ग्राम विकास समिति कुलिया के विक्रम सिंह चंद्राकर ने बताया कि स्पर्धा का शुभारंभ रात्रि 8 बजे किया जाएगा। मुख्य अतिथि कुशाग्र चंद्राकर होंगे। विशेष अतिथि पूरन यादव होंगे। स्पर्धा का समापन समारोह 16 नवंबर को होगा। मुख्य अतिथि खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव एवं विशेष अतिथि विक्रम सिंह चंद्राकर अध्यक्ष चंद्रनाहू कुर्मी समाज कुलिया परिक्षेत्र होंगे। स्पर्धा में प्रथम पुरस्कार 8 हजार देवज्ञ चंद्राकर, द्वितीय 5 हजार प्रेमशंकर सिन्हा बटोरा, तृतीय पुरस्कार 3 हजार रोहित सिन्हा द्वारा एवं चतुर्थ पुरस्कार 2 हजार रुपए राजेंद्र चंद्राकर कुलिया द्वारा दिया जाएगा। प्रवेश शुल्क 201 रुपए रखा गया है। कार्यक्रम की तैयारी में लोकेश यादव, मेघा निराला, नेतराम साहू आदि जुटे हुए हैं।

# शासन से मिली जमीन को बिना कलेक्टर की अनुमति बेचने की तैयारी

## बिक्री पर रोक लगाने की मांग को लेकर कलेक्टोरेट पहुंचे कौंवाझर के ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शासन से प्राप्त भूमि को बगैर कलेक्टर की अनुमति के खरीदी बिक्री के लिए बकायदा ईश्तहार प्रकाशित कराया गया। शासन से प्राप्त पट्टे की इन जमीनों की बिक्री रोके जाने की मांग को लेकर ग्राम पंचायत कौंवाझर के सैकड़ों ग्रामीण कलेक्टोरेट पहुंचे। ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंप कर जांच कार्रवाई की मांग की है।

ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम कौवाझर, पहनं-07. रानिमं सिरपुर, तहसील एवं जिला महासमुंद में स्थित भूमि वर्तमान खनं 13/1, 19, 24, 28/1, 46/1, 47/1, 48/1, 26, 27, 36/1, 8, 9, 5, 7, रकबा क्रमशः 3.540, 0.200, 0.510, 1.000, 5.540, 0.110, 0.020, 0.150, 1.810, 0.040, 2.550, 2.920, 0.220, 0. 520, कुल रकबा 19.130 हेक्टेयर भूमि को बेचे जाने का पक्का सौदा हो चुका है। उक्त भूमि निर्मला बाई पत्नी स्व० चोवालाल चंद्राकर, तोषण कुमार चंद्राकर, डेविड चंद्राकर पिता स्व चोवालाल चंद्राकर, उमाबाई चंद्राकर पति स्व. रोहित चंद्राकर, रोमी चंद्राकर, लीना चंद्राकर एवं बृजमोहन चंद्राकर सभी पिता स्व. रोहित चंद्राकर तथा नरेश जलक्षत्री पिता महेश जलक्षत्री के नाम पर वर्तमान रिकार्ड में भूमिस्वामी मद में दर्ज है। उपरोक्त खसरे में से कुछ खसरे शासन से प्राप्त पट्टे की भूमि है, जिसमें वर्तमान खसरा नंबर 5, 7, 8, 9, 13, 46, 48 जिसका पुराना खनं - 2/19, 2/16, 2/18, 2/20, 2/8, 2/13, 2/5, 2/6, 2/14, 2/9 का टुकड़ा, 2/10 का टुकड़ा, 2/10 का टुकड़ा बना हुआ है कि खनं 02 रकबा 50.88 एकड़ भूमि छोटे झाड़ जंगल मद में अधिकार अभिलेख 1955-56 में दर्ज है तथा वर्ष 1948-49 चकबंदी मिसल में खसरा नंबर 02 रकबा 50. 88 एकड़ भूमि घास मद में दर्ज है। उक्त भूमि को लिखे गये व्यक्तियों के नाम से शासकीय पट्टे के रूप में बिना कोई शासन के मापदंड एवं कानून प्रकिया के विपरीत पट्टा वितरित किया गया है, यह जांच का विषय है। इस खसरा एवं रकबा की भूमि को बिना कलेक्टर अनुमति के बिक्री के लिए 30 अक्टूबर 2025 को एक समाचार पत्र में ईश्तहार प्रकाशन किया गया है। कलेक्टर से ग्रामीणों ने उक्त बिक्री को रोके लगाने एवं इस शासकीय भूमि की बिक्री पर जांच कार्रवाई की मांग की है।



## चिंताजनक : धान खरीदी को लेकर अब केवल चार दिन ही बचे

# खरीदी पर संकट, केंद्रों में पर्याप्त बारदाना नहीं, कर्मी हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

धान ख़रीदी को अब केवल 4 दिन शेष हैं, लेकिन जिले में खरीदी की तैयारियों की रफ़्तार पर ब्रेक लगा हुआ है। समितियों में न तो पर्याप्त बारदाने की आपूर्ति हो सकी है और न ही तौल मशीनों की जांच पूरी हुई है। इस बीच, सहकारी समिति कर्मचारियों और डेटा एंट्री ऑपरेटरों की अनिश्चितकालीन हड़ताल ने व्यवस्था चरमरा दी है। इससे समय पर धान ख़रीदी शुरु हो पाएगी अथवा नही इस पर संशय है।



जिले के किसान अपनी हरुना धान की कटाई शुरु हो चुकी हैं और फसल खलिहानों और घरों के बाहर जमा हो रही है। इस समय मौसम के बदलते मिजाज और बेमौसम बारिश की आशंका के बीच, खुली पड़ी फसल के खराब होने का खतरा बढ़ गया है। किसानों का कहना है कि हर साल की तरह इस बार भी प्रशासनिक लापरवाही उन्हें झेलनी पड़ेगी। क्योंकि, अधूरी तैयारियों के कारण टोकन कटवाने और धान बेचने में लंबा समय लग सकता है। अधिकांश समितियों में अभी तक पर्याप्त संख्या में बारदाने नहीं पहुंचे हैं। तौल मशीनों की अनिवार्य जांच और सत्यापन का काम भी लटका हुआ है। खुले में जमा धान को खराब मौसम से बचाने की चुनौती बनी हुई हैं।

### सीमित समय में खरीदी का दबाव

पहले धान खरीदी 1 नवंबर से शुरू होती थी, लेकिन अब 15 नवंबर से शुरू होकर 31 जनवरी तक चलती है। इस दौरान रविवार और अन्य छुट्टियों पर खरीदी बंद रहती है, जिससे किसानों के पास पहले से ही सीमित समय होता है। स्थानीय किसानों ने चिंता व्यक्त की है कि खरीदी की तारीख करीब होने के बावजूद केंद्रों में कोई गतिविधि नहीं है। उन्होंने समय पर खरीदी शुरू करने की मांग की है।

### जल्द न निकला समाधान तो होगी परेशानी

जिले में धान खरीदी की सफलता पूरी तरह से कर्मचारी हड़ताल समाप्त होने और समिति स्तर पर युद्धस्तर पर व्यवस्थाएं पूरी होने पर निर्भर है। शासन स्तर पर हड़ताल समाप्त करवाने के प्रयास जारी हैं, लेकिन यदि जल्द ही कोई समाधान नहीं निकलता है, तो 15 नवंबर से धान खरीदी शुरू होने की सरकारी घोषणा केवल कागजी साबित हो सकती है, जिसका सीधा खामियाजा जिले के किसानों को भुगतना पड़ेगा।

### कर्मचारी हड़ताल, खरीदी प्रक्रिया ठप

धान खरीदी सीजन की उलटी गिनती शुरू होते ही, सहकारी समिति कर्मचारी संगठन और डेटा एंट्री ऑपरेटर अपनी 4 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। जिले के 182 धान खरीदी केंद्रों और सहकारी समितियों के कार्यालयों में तालाबंदी है। कर्मचारी अनुपस्थित हैं, जिसके कारण धान खरीदी से जुड़े सभी प्रशासनिक और लॉजिस्टिक कार्य ठप पड़े हैं। कर्मचारी संगठनों ने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं होंगी।

## बागबाहरा के झलप चौक पर हुआ भीषण सड़क हादसा

# ट्रक से टकराई तेज रफ्तार बाइक, एक युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले के बागबाहरा थाना क्षेत्र अंतर्गत झलप



चौक के पास रविवार की देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे ने दो परिवारों में मातम पसर गया। तेज रफ्तार बाइक सवार दो युवक सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से इतनी भीषणता से टकराए कि एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि, दूसरा गंभीर रूप से घायल है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और उसके परखच्चे उड़ गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह हादसा देर रात करीब 12 से 1 बजे के बीच हुआ। दोनों युवक एक बाइक पर सवार होकर जा रहे थे। जब वे झलप चौक के पास पहुंचे, तो उनकी तेज रफ्तार बाइक सड़क किनारे खड़े एक भारी-भरकम ट्रक के पिछले हिस्से से जा टकराई। टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के कुछ लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचित किया। फिलहाल, पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ भी वैधानिक कार्रवाई शुरू करते हुए मामले की जांच की जा रही है कि ट्रक सड़क पर अवैध तरीके से खड़ा था या नहीं। हादसे की पूरी सच्चाई मेडिकल और तकनीकी जांच रिपोर्ट आने के बाद ही सामने आ पाएगी।

### एक युवक की मौके पर मौत

घटना की सूचना मिलते ही बागबाहरा पुलिस की टीम थाना प्रभारी अजय सिन्हा के नेतृत्व में फौरन मौके पर पहुंची। पुलिस ने तुरंत घायलों को अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद दुष्यंत साहू निवासी गड़बेड़ा, पिथौरा को मृत घोषित कर दिया। वहीं, दूसरे घायल युवक, जो तेंदूकोना क्षेत्र का बताया जा रहा है, उसकी हालत अत्यंत गंभीर होने के कारण उसे प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए तत्काल जिला अस्पताल या रायपुर रेफर कर दिया गया है।

### शराब पीकर ड्राइविंग की आशंका

बागबाहरा थाना प्रभारी अजय सिन्हा ने बताया कि प्रारंभिक जांच और मौके की स्थिति को देखकर यह अनुमान लगाया जा रहा है कि बाइक सवार युवक नशे की हालत में थे। उन्होंने कहा, घटनास्थल पर मौजूद लोगों और स्थिति को देखकर ऐसा लग रहा है कि युवक नशे में थे, जिसके कारण वे सड़क किनारे खड़े ट्रक को नहीं देख पाए और यह भीषण हादसा हुआ। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगी।

# 12 लाख का गांजा जब्त अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स और



बसना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए गांजा तस्करी कर रहे अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 60 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा सहित अन्य सामानों को जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को 10 नवंबर को मुखबिर से सूचना मिली कि ओडिशा से अवैध मादक पदार्थ गांजा का बड़ा खेप आयशर ट्रक में ओडिशा से पदमपुर, बसना, महासमुंद के रास्ते उत्तर प्रदेश ले जा रहा है। इसके बाद पुलिस की टीम महासमुंद जिले में प्रवेश करने वाले समस्त पाईंटों पर बल तैनात कर संदिग्ध वाहन की जांच कर रही थी, तभी पलसापाली बेरियर में वाहन चेकिंग के दौरान ओडिशा की तरफ से आयशर ट्रक क्रमांक यूपी 72 बीटी 3907 महासमुंद की ओर आ रही थी। जिसे घेराबंदी कर रोका। वाहन में 02 व्यक्ति बैठे थे, पूछताछ में इन लगों ने अपने नाम सद्दाम हुसैन पिता रिजवान हुसैन (34 साल) पंडरीजबर थाना कंधई हनुमान गंज जिला प्रतापगढ (उप्र) और कियामुद्दीन पिता कमरूद्दीन (26 साल) ताला थाना कंधई हनुमान गंज जिला प्रतापगढ (उप्र) का निवासी होना बताये। जब एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की टीम के द्वारा वाहन की तलाशी ली गई। ताल पतरी में छिपाए गए तीन बोरों में 60 किलो गांजा कीमत 12,00,000 रुपए मिला। पुलिस ने गांजा के अलावा आयशर ट्रक कीमत 10,00,000 रुपए व 02 नग मोबाईल कीमत 10000 रुपए कुल 22,10,000 रुपए को जब्त किया गया। आरोपियों से गांजा के संबंध में पूछताछ करने पर ओडिशा से लाना और उत्तर प्रदेश में बिक्री करने ले जाना बताया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 20(ख) एनडीपीएस के तहत कार्रवाई की गई।

### कंटेनर की टक्कर से बाइक चालक की मौत

**महासमुंद।** एनएच 53 में रविवार को कंटेनर की टक्कर से एक बाइक चालक की मौत हो गई। मामला ग्राम भोथलडीह पेट्रोल पंप के पास का है। रिपोर्ट पर सरायपाली थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को भोथलडीह निवासी आनंद प्रधान ने बताया कि 9 नवंबर को वह अपनी मोटर सायकल से अपने च्वाईस सेंटर आ रहा था। उसके आगे-आगे मामा ससुर सदानंद नायक अपने एचएफ डिलक्स मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीएच 7023 में अपने गांव बेहडीही थाना तेंदूकोना जा रहे थे। सुबह करीब 10.30 बजे एनएच53 मेन रोड ग्राम भोथलडीह पेट्रोल पंप के सामने पहुंचे थे, उसी समय सामने से आ रही कंटेनर वाहन क्रमांक एनएल 01 एबी 2361 के चालक द्वारा अपनी वाहन को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर उसके मामा ससुर की मोटर सायकल को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं और तत्काल एनएचएआई वाहन के माध्यम से सीएचसी सरायपाली लाया गया, जहां डॉक्टर द्वारा चेक करने पर मृत घोषित कर दिया गया। रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 106(1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# मटका फोड़ कार्यक्रम में मासूम की मौत, तीन माह बाद 9 आयोजकों पर गंभीर अपराध दर्ज

**महासमुंद।** जिले के पटेवा थाना क्षेत्र के ग्राम सिनोधा में जन्माष्टमी के अवसर पर हुए दर्दनाक हादसे में 8 वर्षीय मासूम मोहम्मद सिराज जाकिर की मौत के मामले में घटना के तीन माह बाद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने कार्यक्रम के नौ आयोजकों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 106(1) बीएनएस के तहत गंभीर अपराध दर्ज किया है। यह हादसा 16 अगस्त की रात करीब 9:40 बजे हुआ था। मटका फोड़ कार्यक्रम के लिए मटका, पुराने पंचायत भवन की दीवार और इमरान पासा के घर की छत पर बने ईंट-सीमेंट के डिज़ाइन वाले खंभे के बीच रस्सी से बांधा गया था। मटका फोड़ने वाली टीम द्वारा रस्सी खींचने पर, छत पर बना खंभा उखड़कर नीचे गिर गया, जिसकी चपेट में आने से 8 वर्षीय मोहम्मद सिराज दब गया। बच्चे को तुरंत सीएचसी तुमगांव ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बच्चे की मौत का कारण सिर में गंभीर चोट से हुए सब-ड्यूरल हेमाटोमा को बताया गया। तीन माह चली जांच में यह निष्कर्ष निकला कि कार्यक्रम आयोजकों ने बिना किसी सुरक्षा व्यवस्था और खंभे की मजबूती जांचे मटका बांधने का निर्णय लिया था, जिससे यह दुखद घटना हुई। थाना पटेवा पुलिस ने लापरवाही के लिए कार्यक्रम के संयोजक और सहयोगी होरीलाल साहू, परमेश्वर साहू, विकास साहू, गोविंद बंजारे, प्रेम बरिहा, नोमेश यादव, लुकेश साहू, सोहन लाल साहू और रेमन ध्रुव समेत 9 लोगों पर मामला दर्ज कर लिया है।

### कृषक मित्रों की भुगतान की प्रक्रिया जारी

**महासमुंद।** कृषक मित्रों के मानदेय भुगतान के संबंध में उप संचालक कृषि एफआर कश्यप ने बताया कि कृषक मित्रों की कार्य अवधि निर्धारण के लिए जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रत्येक दो वर्ष में ग्राम सभा के माध्यम से उनकी कार्य अवधि बढ़ाई जाती है अथवा ग्राम सभा द्वारा नवीन कृषक मित्र का चयन कर अनुमोदन के लिए प्रस्ताव वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी को प्रेषित किया जाता है। तत्पश्चात उप संचालक कृषि के माध्यम से यह प्रस्ताव आत्मा गवर्निंग बोर्ड के अनुमोदन उपरांत स्वीकृत होता है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष अप्रैल 2023 से मार्च 2025 तक की अवधि के लिए कृषक मित्रों का मानदेय पूर्ण रूप से भुगतान किया जा चुका है। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिन कृषक मित्रों का अनुमोदन जुलाई 2025 में हुआ है एवं जिनसे मासिक कार्य विवरण प्राप्त हो चुका है, उनके मानदेय भुगतान की प्रक्रिया जारी है।

### किसान के घर से 76 हजार कैश की चोरी

**महासमुंद।** ग्राम टुरीझर में एक किसान के घर से नगद रकम की चोरी का मामला सामने आया है। मामले की रिपोर्ट तेंदूकोना थाना में दर्ज कराई गई है। पुलिस को कुंजलाल निवासी ग्राम टुरीझर ने बताया कि वह बिजली फिटिंग व नल लगाने का काम करता हूं। मेरे चाचा आसकुमार पटेल का आवास निर्माण होना था और इस के कारण वे मेरे घर के एक कमरे पर अपना सामान को रखकर दूसरे पारा में रहते थे। उस कमरे की चाबी चाचा आसकुमार के पास ही रहता था। रोज की तरह 8 नवंबर को प्रार्थी अपने काम से बागबाहरा चला गया था। घर में उसकी पत्नी ज्ञानबाई थी, जो खेत चली गयी थी, जहां से करीब 110 बजे वापस आयी, तो उसने देखा कि घर के अंदर से कुछ आवाज आ रही है। जब जाकर देखा कमरे की आलमारी टुटा हुआ था तथा सामान बिखरे हुये थे और उसी समय चोरी करने वाला अज्ञात व्यसक्ति पिछला दरवाजा खोलकर भाग गया। इसकी सूचना ज्ञानबाई ने प्रार्थी को दी। वह तत्काल बागबाहरा से वापस आया और घर को चेक करने पर देखा कि चाचा आसकुमार के रूम का भी ताला टूटा हुआ था एवं उनके सामान की एक पेटी हाल में पड़ा हुआ है। इसके बारे में उसने अपने चाचा आसकुमार को बताया। तब चाचा ने बताया कि करीबन 6 महीने पहले सोसायटी में धान बिक्री किया था और धान बिक्री से प्राप्त कुल 76000 रुपये नगदी रकम जिला सहकारी केंद्रीय बैंक तेंदूकोना से आहरित किया था, जिसे लकड़ी की पेटी में रखा था, जिसमें नगदी रकम 76000 रुपए नहीं थे। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध धारा 305(ए), 331(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।

## सर्व समाज मंगल भवन निर्माण में भ्रष्टाचार का आरोप

# आवेदक ने जांच अधिकारी की भूमिका पर उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

- जांच नहीं हुई तो अनशन करने की दी चेतावनी

ग्राम गढ़फुलझर में सर्व समाज के लिए स्वीकृत 43.65 लाख की लागत वाले मंगल भवन निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर मामला अब और गंभीर होता जा रहा है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि कलेक्टर द्वारा जिस अधिकारी को जांच का जिम्मा सौंपा गया है, वह स्वयं इस भ्रष्टाचार में लिप्त है। इससे स्पष्ट है कि प्रशासन द्वारा इस मामले में लीपापोती की कोशिश की जा रही है।

जानकारी के अनुसार, ग्राम गढ़फुलझर में सर्वजन समाज के लिए शासन द्वारा स्वीकृत मंगल



भवन निर्माण की निविदा प्रक्रिया सिर्फ 2 घंटे 15 मिनट में क्लोज कर दी गई थी। आरोप है कि यह निविदा एक पसंदीदा ठेकेदार को लाभ पहुंचाने के लिए जल्दबाजी में पूरी की गई, जिससे अन्य पात्र ठेकेदार आवेदन नहीं कर पाए। शिकायत शासन स्तर तक पहुंचने के बाद कलेक्टर द्वारा निविदा प्रक्रिया की जांच कर इसे निरस्त करने के आदेश दिए। शिकायतकर्ता की मानें तो प्रशासन मामले में केवल औपचारिकता निभा रहा, वहीं अब तक कोई भी दस्तावेज सार्वजनिक नहीं किया गया है।

आवेदक ने चेतावनी दी है कि यदि निष्पक्ष जांच नहीं की गई, तो वे अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठेंगे। ग्रामीणों ने कहा कि शासन की पारदर्शिता तभी साबित होगी जब दोषियों पर कार्रवाई होगी। अन्यथा यह कार्रवाई सिर्फ दिखावा बनकर रह जाएगी। गढ़फुलझर का यह मामला इस बात का उदाहरण है कि शासन की योजनाओं को लागू करते समय पारदर्शिता और जवाबदेही कितनी आवश्यक है।

# पुलिस ने किया टेका जंगल में जुआ खेलते 9 को गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

पिथौरा थाना क्षेत्र में पुलिस को जुए के खिलाफ बड़ी सफलता हाथ लगी है। 8 नवंबर को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पिथौरा पुलिस ने टेका जंगल में जुआ फड़ पर दबिश दी और घेराबंदी कर 9 जुआरियों को रंगे हाथों पकड़ा। पकड़े गए आरोपियों में मनोज अग्रवाल, श्रीराम पटेल, भेखराम साहू, हेमंत साहू, तिलक यादव, धनेश्वर पटेल, दासोराम बरिहा, फिरोज खान और नरेश निषाद शामिल हैं। ये सभी पिथौरा, तुमगांव और पटेवा थाना क्षेत्रों के निवासी हैं।

पुलिस ने जुआरियों के कब्जे से 32,350 रुपए नगद, 11 नग मोबाइल और 11 नग मोटर साइकिलें जब्त की हैं। जब्त किए गए सामान की कुल कीमत लगभग 5,96,350 रुपए बताई गई है। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(1) और 112 बीएनएस के तहत कानूनी कार्रवाई की गई है।

खबर संक्षेप



## कंप्यूटर ऑपरेटर संघ के धरनास्थल पहुंचकर पूर्व नपाध्यक्ष राशि ने किया मांगों का समर्थन

**महासमुंद।** स्थानीय लोहिया चौक में जिला सहकारी समिति के तत्वावधान में कंप्यूटर ऑपरेटर संघ द्वारा अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल का पूर्व पालिकाध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने धरनास्थल पर पहुंच कर समर्थन दिया। महिलांग ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य का मुख्य आधार कृषक है। आप सभी ऑपरेटर भाई कृषक और कृषक की आय के बीच की कड़ी हो। आपके अथक परिश्रम से कृषक को उसकी उपज का दाम उनके खातों तक पहुँचता है। राज्य की साय सरकार केवल नारों व स्लोगनों तक ही सीमित है, धरातल पर क्रियान्वयन शून्य है। साय सरकार के सुशासन के दावों के बीच आप सभी मेरे भाई बहन स्वयं को छला महसूस कर रहे हैं। जिलाध्यक्ष विजय कोसरे, उपाध्यक्ष कौशल साहू, संतोष पटेल, सचिव संतोष साहू व समिति के सदस्यों ने उनका मंच पर स्वागत किया।



## मुक्तिधाम सेवा समिति ने किया वृध्दा का अंतिम संस्कार

**महासमुंद।** शहर के दलदली रोड आशियाना वृद्धाश्रम निवासी ललिता बाई का निधन हो गया। परिजनों की अनुपस्थिति में मुक्तिधाम सेवा समिति ने अंतिम संस्कार किया। इस दौरान मुक्तिधाम सेवा समिति के सदस्य राजेन्द्र (राजू)चंद्राकर, ओम प्रकाश औसर, गुमान कोचर, डॉ. एजाज हसन नकवी, डॉ.जे शुक्ला, मनोज पटेल, फगवा पटेल, संजय साहू एवं वृद्धाश्रम स्टाफ मौजूद रहे।

**आयोजन : छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ का जिला स्तरीय दीपावली मिलन समारोह का आयोजन**

# पिथौरा में पत्रकार संघ के भवन निर्माण के लिए विधायक ने की दस लाख रुपए देने की घोषणा







हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ द्वारा स्थानीय वन काष्ठागार में जिला स्तरीय दीपावली मिलन समारोह का आयोजन जिलाध्यक्ष स्वप्निल तिवारी के संयोजकत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के प्रथम सत्र के मुख्य अतिथि संघ के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी तथा दूसरे सत्र में बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल मंचस्थ रहे। इस दौरान आमंत्रित छत्तीसगढ़ी भाषा के सुप्रसिद्ध कवि मीर अली मीर और हास्य रस के कवि कृष्णा भारती ने छत्तीसगढ़ी कविताओं से ख़ूब रंग जमाया।

### दूसरे सत्र में सम्मानित हुए कलमवीर

द्वितीय सत्र की अध्यक्षता श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी ने की। इस सत्र में विशेष अतिथि के रूप में जनपद पंचायत पिथौरा की अध्यक्ष उषा पुरुषोत्तम धृतलहरे, जनपद उपाध्यक्ष ब्रम्हानंद पटेल, महासमुंद प्रेस क्लब अध्यक्ष रत्नेश सोनी, वरिष्ठ पत्रकार कृष्णानंद दुबे, पिथौरा के वरिष्ठ साहित्यकार उमेश दीक्षित और श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिला महासचिव जनाब खान उपस्थित रहे। इस अवसर पर रक्तदान सहित समाज सेवा के विभिन्न सराहनीय कार्यों के लिए संबंधित संस्थाओं और उनके सदस्यों को शॉल, श्रीफल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अनगिनत बार रक्तदान करने वालों को रक्तवीर की उपाधि से अलंकृत किया गया।

### इन साथियों का हुआ सम्मान

इस अवसर पर मुख्य रूप से पत्रकार रत्नेश सोनी, धनंजय त्रिपाठी, आशुतोष शर्मा, उत्तरा विदानी, विपिन दुबे, अरविंद यादव, आशुतोष तिवारी, विजय चौहान, संजय यादव, मनोहर ठाकुर, भास्कर राव पंडारे, राहुल भोई, जन्मजय सिंहा, रेखराज साहू, अनीश लाला दानी, ताराचंद पटेल, ललित मुखर्जी, भगवान दास अग्रवाल, सीडी बघेल, सत्यप्रकाश अग्रवाल, मनहरण सोनवानी, कुबेरचरण नायक, ऋचा सहाय, राजेंद्र सिन्हा, पवन गुप्ता, राजेश मिश्रा, सुरेंद्र पांडे, विजय गुप्ता, निशु माटा, राजेश बंसल, प्रमोद सिन्हा, पवन अग्रवाल, भूषण साहू, सोनू सेन, उमाशंकर जलक्षत्री, नानू सोनी सहित जिले भर के पत्रकार व नगर के वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।

विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने दूसरे सत्र को संबोधित करते हुए संघ के पदाधिकारियों के आग्रह पर पिथौरा में श्रमजीवी पत्रकार संघ के भवन निर्माण के लिए दस लाख रुपए की घोषणा की। विधायक डॉ. अग्रवाल ने कहा कि पत्रकारिता और राजनीति लोकतंत्र की दो आँखें हैं।

श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष स्वप्निल तिवारी और पिथौरा इकाई के अध्यक्ष मनोहर साहू और टीम ने स्वागत किया। स्वागत भाषण स्वप्निल तिवारी ने दिया। तिवारी ने कहा कि इस बार आयोजन को रचनात्मक विस्तार देते हुए कवि सम्मेलन भी आयोजित किया। मंच संचालन मनोहर साहू ने किया।

समारोह में जिले की पांच तहसीलों सरायपाली, बसना, पिथौरा, बागबाहरा और महासमुंद के पत्रकार, अनेक जनप्रतिनिधि और प्रबुद्ध नागरिक उत्साह के साथ शामिल हुए। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में पिथौरा नगर पंचायत के अध्यक्ष देवेश निषाद, पार्षदगण प्रेम राजन रौतिया, राम कुंवर सिन्हा और पुष्पकांत पटेल, पिथौरा मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा, मंडल अध्यक्ष पिथौरा (ग्रामीण) नीलकंठ साहू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पिथौरा के पूर्व अध्यक्ष अनंत सिंह वर्मा, श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश सचिव मनोज मिश्रा, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के अध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल, वरिष्ठ साहित्यकार अशोक शर्मा और बंधु राजेश्वर खरे तथा पिथौरा के वरिष्ठ साहित्यकार शशि कुमार डडसेना उपस्थित रहे। आमंत्रित कवियों मीर अली मीर और कृष्णा भारती के काव्य पाठ के कार्यक्रम का संचालन श्रृंखला साहित्य मंच पिथौरा के अध्यक्ष प्रवीण प्रवाह ने किया।

## गढ़पटनी में हुआ हनुमान की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना



गढ़पटनी में हनुमान की प्राण प्रतिष्ठा समारोह अत्यंत भव्य और श्रद्धा से हुआ। सुबह कलश यात्रा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। जिसमें ग्राम की महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर मंगल गीत गाते हुए शोभायात्रा निकाली। इस अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला गढ़पटनी के बच्चों ने रामायण की पात्रों की मनमोहक झांकियां प्रस्तुत कीं। बच्चों ने श्रीराम, लक्ष्मण, माता सीता, शबरी और हनुमान के रूप में आकर्षक वेशभूषा धारण कर सबका ध्यानाकर्षण किया।

कलश यात्रा के उपरांत हनुमान की प्राण प्रतिष्ठा का पूजन विधिवत ढंग से किया गया। पूजा का संचालन पंडित दिनमणी कर के द्वारा मंत्रोच्चार और वैदिक विधि से किया गया। इस अवसर पर जजमान गणेश पटेल और बृजेश्वरी पटेल रहे, जिन्होंने पूरे विधि-विधान के साथ पूजा कराई। गांव के सभी श्रद्धालुओं ने आरती में भाग लेकर हनुमान जी से आशीर्वाद प्राप्त किया। पूजन के पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम हिंदू परिषद के विभाग मंत्री सौरभ अग्रवाल, दिनेश डड़सेना प्रखंड उपाध्यक्ष बौद्धिक प्रेरणा की विचार रखें। ग्रामवासी लक्ष्मी प्रसाद पटेल सरपंच, रोशन पटेल, उपसरपंच प्रवीण कैवर्त, सियाराम पटेल, विद्यायापन पटेल, ढालेंद्र पटेल, देवानंद पटेल, देवेंद्र निषाद, विश्वजीत कैवर्त, महेंद्र पटेल, भगत राम पटेल, लाला अमरनाथ कैवर्त, मनीषा पटेल माधुरी, कृष्णा गुरु जी, सुग्रीव भोई, राधेश्याम पटेल, सरविंद सिदार प्रधान पाठक, लगन नाग, खीरवंती भोई, चंचला सतपती, निरुपमा विशाल, शंकर सिदार आदि उपस्थित रहे। सभी ने इस आयोजन को ऐतिहासिक और आध्यात्मिक रूप से अत्यंत प्रेरणादायक बताया। हनुमान की प्राण प्रतिष्ठा समारोह ने ग्राम गढ़पटनी को भक्ति, एकता और आनंद के रंग में रंग दिया।

## संकुल समन्वयक एवं प्राचार्यों की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना



जनपद सभागार बसना में संकुल समन्वयक एवं प्राचार्यो की समीक्षा बैठक हुई। जिसमें सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी लोकेश्वर कंवर एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वयक अनिल सिंह साव मौजूद रहे। बैठक की औपचारिक शुरुआत बीईओ कंवर द्वारा किया गया। जिसमें अपार आईडी एवं जाति प्रमाण पत्र को लेकर विस्तार पूर्वक समीक्षा की गई। प्रत्येक संकुल समन्वयक की स्कूलवार समीक्षा की गई। उत्कृष्ट कार्य करने वाले समन्वयकों की सराहना करते हुए कम काम करने वाले को बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया। जिससे विकासखंड का स्तर बेहतर हो सके। पश्चात बीआरसीसी अनिल सिंह साव द्वारा वंदे मातरम कार्यक्रम सफल संचालन करने के लिए कहा गया। साथ ही साथ भवन निर्माण, बालवाड़ी, शिक्षा गुणवत्ता, 10वीं एवं 12वी बोर्ड परीक्षा की तैयारी, 5वी 8वी केंद्रीकृत परीक्षा की तैयारी, मध्यान्ह भोजन गुणवत्ता, शिक्षा अधिकार अधिनियम पर चर्चा, नशामुक्ति अभियान की प्रगति पर चर्चा, उल्लास प्रगति पर चर्चा, ऑनलाइन संबधित कार्य, स्वच्छ विद्यालय रेटिंग का अवलोकन, एफएलएन मेला आयोजन एवं अन्य बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक बताया गया। गिधली समन्वयक गजेंद्र नायक अपार आईडी में आने समस्याओ को बारीकी से बताया। तकनकी रूप से पारंगत समन्वयक डिजेन्द्र कुर्रे, वारिश कुमार, अमित भोई, घनश्याम साहू, सुरेश साहू, त्रिकांत बाघ, संतराम बंजारा, महेश नायक, सुरेश नंद एवं अन्य संकुल समन्वयकों ने बेहतर कार्य करने का आश्वशन भी दिए। साथ ही साथ प्राचार्य एन के पंडा, यज्ञ राम सिदार, सुरेश पटेल, श्याम लाल साहू, दुर्योधन साव, प्रदीप कुमार चौधरी एवं अन्य शालाओं के प्राचार्यगण सहयोग प्रदान करने के लिए आश्वासन दिए।



## खुसरूपाली में हुई छत्तीसगढ़ कलार समाज कार्यकारिणी की बैठक

**पिथौरा (ग्रामीण)।** छत्तीसगढ़ कलार समाज कौड़िया पिथौरा की कार्यकारिणी बैठक मंडलेश्वर पुनीत सिन्हा की अध्यक्षता में हुई। बैठक की शुरुआत समाज के इष्टदेव भगवान सहस्त्रबाहु की पूजा-अर्चना के साथ की गई। बैठक में समाज के सभी प्रमुख पदाधिकारी, ग्राम प्रमुख, महिला प्रमुख एवं युवा मंच के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक के दौरान समाज को प्राप्त 7 आवेदनों का निराकरण किया गया। साथ ही यह निर्णय लिया गया कि सामाजिक वार्षिक बैठक का आयोजन बुंदेली परिक्षेत्र के ग्राम परसोदा में किया जाएगा। इसके अलावा बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं एवं समाज के वृद्धजनों का सम्मान किए जाने का भी निर्णय लिया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में ग्राम खुसरूपाली के सामाजिक प्रमुखों, महिला प्रमुखों एवं युवा मंच के सदस्यों का विशेष योगदान रहा। बैठक में प्रमुख रूप से मंडलेश्वर दानेश्वर सिन्हा, जगत राम डड़सेना, जिला प्रमुख सलाहकार लोकनाथ डड़सेना, जिला सचिव परमेश्वर डड़सेना, संरक्षक प्रेम सिन्हा, सचिव पोला राम डड़सेना, कोषाध्यक्ष महेंद्र सिन्हा, प्रमुख सलाहकार लोकप्रकाश डड़सेना, आत्मा राम गजेंद्र, उपाध्यक्ष नंदकुमार सिन्हा, आत्मा राम पंकज, मानश्रवण डड़सेना, पूर्व मंडलेश्वर माखन डड़सेना, राजनीति प्रकोष्ठ संयोजक शैलेंद्र डड़सेना, क्षेत्राधिकारी डॉ. हिरदेश सिन्हा, पुष्पराज गजेंद्र, रामचरण डड़सेना, श्याम लाल डड़सेना, रमेश सिन्हा, प्रचार मंत्री लखन डड़सेना, सहप्रचार मंत्री रामकुमार डड़सेना, युवा मंच अध्यक्ष ओम सिन्हा, सचिव चंद्र पाल सिन्हा, आमंत्रित अतिथि सबुलाल सिन्हा, रतन डड़सेना, नगर प्रमुख राजू सिन्हा, ग्राम प्रमुख अशोक डड़सेना, भेखराम डड़सेना, हलधर डड़सेना, डीगराम डड़सेना, सुंदर डड़सेना, नेत्र राम डड़सेना, अजय डड़सेना, नितेश डड़सेना, टिकेश्वर डड़सेना, इंदेश्वर डड़सेना, सादराम डड़सेना, रामायण डड़सेना, भगवती डड़सेना आदि मौजूद रहे।

# 400 यूनिट बिजली खपत पर पुनः लागू हो हाफ बिजली बिल योजना : विनोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व महासमुंद के

- छत्तीसगढ़वासियों को महंगी बिजली बिल भेजकर परेशान कर रही भाजपा सरकार

पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि पूर्ववर्ती भूपेश सरकार में आम जनता को मिल रही हाफ बिजली बिल योजना को भाजपा सरकार द्वारा बंद किए जाने से पूरे प्रदेश में भाजपा की साय सरकार के विरूद्ध गहरी नाराजगी व्याप्त है। कांग्रेस ने जनहित के इस मुद्दे पर आवाज उठाया है, और आगे भी जनता के हर सुख दुख में कांग्रेस साथ खड़ी है। भाजपा की सरकार ने भूपेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे कई महत्वपूर्ण जनहित की योजनाओं को बंद कर दिया। राज्य में साय सरकार के तानाशाही रवैये से भारी जनाक्रोश है। भूपेश सरकार ने गरीब, मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए 400 यूनिट बिजली खपत पर हाफ बिजली बिल योजना का लाभ प्रदेशवासियों को दिया। कांग्रेस के इस योजना से प्रदेश के 60 लाख से अधिक उपभोक्ता परिवारों को हाफ बिजली बिल योजना का लाभ मिला। लेकिन, भाजपा ने इस जनहित के महत्वपूर्ण योजना को महज इसलिए बंद कर दिया कि इसे कांग्रेस ने बनाई थी। 400 यूनिट तक खपत में जनता को हाफ बिजली बिल मिलता था। भूपेश सरकार ने बिजली के दामों को भी स्थिर रखा। सरकार बदलते ही भाजपा ने बिजली दर में अनेक दफे वृद्धि की। साथ ही हाफ बिजली बिल योजना भी बंद कर दिया। उससे गरीब उपभोक्ताओं को भारी बिजली बिल का सामना करना पड़ रहा है। साय सरकार ने जनहित की नई योजना तो नहीं बनाई लेकिन, उन तमाम योजनाओं को बंद कर दिया जिससे गरीब व मध्यम वर्ग लोगों को राहत मिल रही थी। सरकार का यह कृत्य गरीब विरोधी होने का प्रमाण है। यदि भाजपा की सरकार गरीबों का सरकार है तो पूर्ववर्ती कांग्रेस शासन के भूपेश सरकार की तरह 400 यूनिट खपत पर हाफ बिजली बिल योजना का लाभ आम उपभोक्ताओं को प्रदान करें। चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ के कोयले से देश के अन्य राज्यों में बिजली उत्पादन किया जा रहा है। यह विडंबना ही है कि छत्तीसगढ़वासियों को अपनी ही संपत्ति का उपभोग खरीदकर करना पड़ रहा है।



भाजपा ने अडाणी, अंबानी जैसे उद्योगपति मित्रों को लाभ पहुँचाने छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासियों का अधिकार छीना है। पानी, बिजली, कोयला, लौह, अयस्क जैसे खनिज संपदा से भरपूर छत्तीसगढ़ के लोगों को अपने हक के लिए सरकार का मूंह ताकना पड़ रहा है। चंद्राकर ने कहा कि पूर्ववर्ती भूपेश शासन में मिल रहे 400 यूनिट हाफ बिजली बिल योजना को पुनः लागू कर प्रदेशवासियों को राहत प्रदान करें। तथा विगत 4 महीनों से उपभोक्ताओं को जो बढ़ी हुई बिजली बिल भेजकर अतिरिक्त राशि की वसूली भाजपा सरकार ने की, उसे उपभोक्ताओं को वापस कर गरीब हितैषी सरकार होने का परिचय दें।



## मनवा कुर्मी समाज ने मनाई पटेल की जयंती

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज नगर इकाई द्वारा डॉ खूबचंद बघेल सामुदायिक भवन दलदली रोड में राष्ट्रीय एकता दिवस पर सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर नगर इकाई अध्यक्ष उत्तम वर्मा ने राष्ट्रीय एकता के सूत्रधार सरदार पटेल के कार्यों का स्मरण करते हुए समाज को एकता के सूत्र में बांधने की बात कही। जन्मजयंती कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कोषाध्यक्ष प्रदीप वर्मा ने कहा कि जिस प्रकार सरदार पटेल ने देश के 552 रियासतों को सफलता पूर्वक एक धागे में पिरोकर पूरे भारत देश को सामाजिक एवं आर्थिक रूप से मजबूत किया। ठीक उसी प्रकार हमें भी गांव-गांव में निवासरत कुर्मी समाज के एक एक सदस्यों को जोड़ते हुए छत्तीसगढ़ को सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सुदृढ़ करना है, जिससे भारत देश को विकसित करने में छत्तीसगढ़ के मनवा कुर्मी समाज का योगदान स्मरण किया जावे। कार्यक्रम में समाज की महिला अध्यक्ष पानू वर्मा, किरण वर्मा, सुमन बघमर, ललित वर्मा, रामदयाल वर्मा, बलदाऊ प्रसाद परगनिहा, भगवती प्रसाद, डीपी वर्मा, नंदकुमारी वर्मा, अन्नपूर्णा वर्मा, ललिता वर्मा, पार्वती वर्मा, शकुंतला वर्मा, राकेश वर्मा, योगेंद्र वर्मा, उपेंद्र बघमार, मोनिका वर्मा, दिनेश्वरी वर्मा, पिंकी वर्मा, शेषनारायण वर्मा, राजेंद्र वर्मा, मोतीलाल, प्रकाश वर्मा, बीरू वर्मा, तुलाराम वर्मा, मोती वर्मा, देवकी वर्मा, पूनम वर्मा, चंचल वर्मा, सुनीता वर्मा, कृतिका वर्मा, स्वेच्छा वर्मा, मोक्षिता वर्मा, युक्ति वर्मा, सार्थक वर्मा सहित सामाजिक सदस्य उपस्थित हुए। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन महिला अध्यक्ष पानू वर्मा ने किया।

## जिला स्तरीय तीन दिवसीय यूथ रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर का हुआ शुभारंभ

**महासमुंद।** जिला स्तरीय तीन दिवसीय यूथ रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ अंबेडकर भवन में हुआ। 10 से 12 नवंबर तक यह शिविर करुणा दुबे प्राचार्य अग्रणी महाविद्यालय एवं अध्यक्ष उपपदेन यूथ रेडक्रॉस सोसाइटी के मार्गदर्शन व डॉ मालती तिवारी शिविर संचालक एवं अशोक गिरी गोस्वामी जिला संगठक यूथ रेडक्रॉस सोसाइटी के निर्देशन में आयोजित है। प्रथम दिवस विधिवत रेडक्रॉस का ध्वज फहराकर एवं रेडक्रॉस गीत गायन कर शुभारंभ किया गया। प्रातः 08 बजे से यूथ रेडक्रॉस शिवरार्थियों का पंजीयन प्रारंभ हुआ। जिसमें 18 विद्यालय एवं महाविद्यालय के लगभग 220 शिवरार्थियों का पंजीयन हुआ। सभी विद्यालय एवं महाविद्यालय के काउंसिलर का भी पंजीयन कराया गया। सभी शिवरार्थियों को मास्टर ट्रेनर दिनेश साहू द्वारा यूथ रेडक्रॉस क्या है, इसकी उत्पत्ति कैसे हुई इसकी विस्तृत जानकारी दी। किरण पटेल द्वारा नए शिवरार्थियों को रेडक्रॉस ताली, नियम, अनुशासन के बारे में अवगत कराया गया। द्वितीय सत्र में शिविर संचालक डॉ मालती तिवारी एवं अशोक गिरी गोस्वामी द्वारा काउंसलर का समीक्षा बैठक ली गई। सभी का परिचय एवं सम्मिलित छात्रों की जानकारी ली गई। संदीप दीवान सभापति यूथ रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा सभी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। अशोक गिरी गोस्वामी द्वारा शिविर दिनचर्या, नियम एवं अनुशासन के बारे में जानकारी दी। शिविर उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, विशेष अतिथि पूर्व विधायक पूनम चंद्राकर, अध्यक्ष करुणा दुबे प्राचार्य, विशेष अतिथि संदीप दीवान, देवीचंद राठी उपाध्यक्ष नपा, रमेश साहू, प्रांशु चंद्राकर सरपंच ग्राम पंचायत खैरा, डॉ मालती तिवारी शिविर संचालक, पारस चोपड़ा कोषाध्यक्ष भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी, अशोक गिरी गोस्वामी मंचस्थ रहे। स्वागत उद्बोधन में डॉ मालती तिवारी ने कहा कि इस शिविर में हम मानवता, तटस्थता, एकता एवं सार्वभौमिकता सीखने को मिलता है। विधायक सिन्हा ने सभी शिवरार्थियों को अपना श्रेष्ठ भूमिका निभाने के लिए कहा गया। और कहा कि हम सब रेडक्रॉस के उद्देश्यों को अपनाकर समाज में जागरूकता लाएंगे। करुणा दुबे ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम सामाजिक असमानता को दूर करना इस हमारे शिविर का उद्देश्य है। कार्यक्रम में डॉ. स्वेतलाना नागल सहायक शिविर संचालक, डॉ जगदीश सत्यम, डॉ खिलावन पटेल, शेखर कानूनगो, प्रकाशमणि साहू आदि मौजूद रहे।

**कलेक्टर ने बागबाहरा-पिथौरा विखं का किया दौरा, घर-घर सत्यापन का लिया जायजा**

# कलेक्टर ने अंतरराज्यीय चेक पोस्ट टेमरी का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय लंगेह ने बागबाहरा एवं पिथौरा विकासखंड क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने अंतरराज्यीय चेक पोस्ट एवं विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत घर-घर सत्यापन का जायजा लिया। उन्होंने बागबाहरा के मंडी में बीएलओ से जानकारी ली और गणना प्रपत्र में आवश्यक विवरण पूर्ण रूप से भरकर संकलन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी पात्र नागरिकों से मतदाता सूची पुनरीक्षण में सक्रिय भागीदारी और सहयोग करने की अपील की है।

उल्लेखनीय है कि जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य में तेजी देखी जा रही है। महासमुंद जिले में 8 लाख 86 हजार 422 पंजीकृत मतदाता हैं। चारों विधानसभा क्षेत्रों में बीएलओ घर-घर जाकर गणना प्रपत्र और घोषणा प्रपत्र वितरित कर रहे हैं तथा आवश्यक दस्तावेज संकलित कर रहे हैं। जिले में एक हजार 83 बीएलओ नियुक्त किए गए हैं। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एईआरओ) मतदान केंद्र स्तर पर कार्यों की सतत



अधिकारी (ईआरओ) और सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण मॉनिटरिंग कर रहे हैं। ग्रामीण एवं शहरी दोनों ही क्षेत्रों में बीएलओ सक्रियता से कार्यरत हैं।

दौरे के दौरान कलेक्टर लंगेह ने समर्थन मूल्य पर राज्य सरकार के धान खरीदी की तैयारियों का जायजा लेने बागबाहरा विकासखंड के टेमरी अंतर्राज्यीय नाका एवं सीमावर्ती नाकों का भी निरीक्षण किया। साथ ही पिथौरा अंतर्गत लारीपुर चेक पोस्ट का निरीक्षण किया। उन्होंने अवैध धान परिवहन एवं विक्रय की रोकथाम के लिए गठित टीमों से जानकारी ली और सख्त निगरानी के निर्देश दिए। जिले में सीमावर्ती क्षेत्रों में नियंत्रण के लिए कुल 16 चेकपोस्ट स्थापित किए गए हैं, जिनमें राजस्व, मंडी एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

इसके अलावा प्रत्येक केंद्र में नोडल अधिकारी भी नियुक्त किए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिले में राज्य शासन के निर्देशानुसार 15 नवंबर से धान खरीदी का कार्य 182 उपार्जन केंद्रों में प्रारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर बागबाहरा एसडीएम नमिता मारकोले एवं पिथौरा एसडीएम बजरंग वर्मा, तहसीलदार एवं बीएलओ मौजूद थे।

**खबर संक्षेप**

## खट्टी स्कूल में धूमधाम से मनाया गया छग राज्य स्थापना का रजत जयंती

**महासमुंद।** शासकीय कन्या उच्च प्राथमिक एवं प्राथमिक शाला खट्टी में संयुक्त रुप से छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शाला विकास एवं प्रबंध समिति शासकीय कन्या उच्च प्राथमिक शाला के अध्यक्षा आस्था साहू, कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान पाठक भागवत जगत भूमिल ने किया। जबकि विशेष अतिथि के रुप में श्रीकांत शर्मा, आनंद निषाद, लीना पांडेय, अभिषेक सालोमन, त्रिवेणी चंद्राकर, भूपेंद्र चंद्राकर, उमाशंकर चंद्राकर, अंजुम शेख, सुनीता ध्रुव, संगीता परगनिया, सिराज बक्स और देव कुमारी ध्रुव विशेष रुप से उपस्थित रहे। उपरोक्त जानकारी विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक सिराज बक्श ने दी है।

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नवाचार एवं उद्योग सहयोग की दिशा में लिए गए निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शांत्रीबाई कला, वाणिज्य विज्ञान महाविद्यालय में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) की प्रथम बैठक चेयर पर्सन के कक्ष में प्राचार्य एवं अध्यक्ष डॉ. सविता चंद्राकर के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। इस बैठक में आईक्यूएसी समिति के सदस्यगण डॉ. सविता चंद्राकर (प्राचार्य/अध्यक्ष), चंद्रनाहू शिक्षण समिति के अध्यक्ष राहुल चंद्राकर, उपाध्यक्ष द्रोण चंद्राकर, चंद्रपाल चंद्राकर (उपाध्यक्ष एवं स्थानीय समाज प्रतिनिधि), सचिव कमलेश चंद्राकर, प्रमोद चंद्राकर (औद्योगिक अधिकारी), यशवंत चंद्राकर एल्युमनी एसोसिएशन सदस्य, संजय चंद्राकर तकनीकी अधिकारी, सहायक प्राध्यापक मेनका चंद्राकर (शिक्षा विभाग), सहायक प्राध्यापक आकांक्षा सिंह (कला एवं मानविकी विभाग), सहायक प्राध्यापक गायत्री चंद्राकर (कला एवं मानविकी विभाग एवं एनएसएस समन्वयक), सहायक प्राध्यापक शत्रुघन पटेल (शिक्षा विभाग एवं नैक संयोजक), सहायक प्राध्यापक भूमिका दुबे (गणित विभाग), सहायक प्राध्यापक रेशमलाल साहू (रसायन शास्त्र विभाग), सहायक प्राध्यापक अर्शिन सालोमन (आईक्यूएसी संयोजक), तुषार पटेल (छात्र प्रतिनिधि, बीएससी तृतीय सेमेस्टर), दीक्षा चंद्राकर (छात्र प्रतिनिधि, बीएससी तृतीय सेमेस्टर) एवं कुंभज चंद्राकर (छात्र प्रतिनिधि बीएड तृतीय सेमेस्टर) उपस्थित रहे।

बैठक का शुभारंभ औपचारिक स्वागत के साथ हुआ, जिसमें डॉ. चंद्राकर ने शिक्षण समिति के अध्यक्ष राहुल चंद्राकर एवं समस्त सदस्यों एवं छात्र प्रतिनिधियों का स्वागत किया। तत्पश्चात सहायक प्राध्यापक व नैक समन्वयक शत्रुघ्न पटेल ने एनएएसी के 10 मापदंडों पर विस्तृत जानकारी देते हुए उनके संस्थागत अनुपालन पर प्रकाश डाला। पश्चात आईक्यूएसी संयोजक अर्शिन सालोमन ने सत्र 2025/26 की कार्यसूची को प्रस्तुत किया व विगत वर्ष के शैक्षणिक कार्यों की प्रगति रिपोर्ट पर चर्चा की गई। वर्ष 2024/25 के परिणामों एवं डाटा विश्लेषण में कॉलेज परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा, जो संस्थान की शैक्षणिक उत्कृष्टता को दर्शाता है। आईक्यूएसी ने आगामी सत्र 2026-27 में नव प्रवेशित छात्रों की संख्या में वृद्धि हेतु प्रचार-प्रसार कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया। साथ ही समिति ने विभिन्न सेमिनार, कार्यशालाएँ, वेबिनार एवं जन-जागरूकता कार्यक्रमों की समीक्षा की, जो विविध शैक्षणिक विषयों पर आयोजित किए गए थे।



शांत्रीबाई कालेज में हुई आईक्यूएसी की प्रथम बैठक

इन कार्यक्रमों में प्रमुख रूप से मिलेट्स डे, राष्ट्रीय बालिका दिवस, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, विश्व पर्यावरण दिवस, डैडम प्रशिक्षण कार्यक्रम, साइबर सुरक्षा एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कार्यशाला, महिला सुरक्षा एवं मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम, नशा-मुक्त भारत अभियान, अंतरराष्ट्रीय तंबाकू निषेध दिवस, वैश्विक कौशल विकास वेबिनार, हार्टफुलनेस सेमिनार, रजत जयंती समारोह, विकसित भारत कार्यक्रम, वंदे मातरम कार्यक्रम तथा यातायात नियम जागरूकता अभियान का उल्लेख किया गया और उनकी सफलता की सराहना की गई सत्र के दौरान मशरूम उत्पादन एवं अगरबत्ती निर्माण प्रशिक्षण लेने के लिए सहमति बनी, जिसे शिक्षण समिति अध्यक्ष राहुल चंद्राकर एवं औद्योगिक अधिकारी प्रमोद चंद्राकर ने आगामी सत्र में किए जाने की बात कही। ताकि, छात्रों का कौशल-विकास पहल के रूप में समर्थन दिया जा सके। आईक्यूएसी ने "3पी परियोजना" (पानी, पर्यावरण एवं प्लास्टिक) को लागू करने का प्रस्ताव पारित किया, जिसका उद्देश्य स्थिरता एवं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है। साथ ही समिति ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति आधारित पाठ्यक्रम में वैल्यू-एडेड कोर्स, प्रोजेक्ट, असाइनमेंट एवं परीक्षाओं को समाविष्ट करने पर विचार किया।समिति ने निर्णय लिया कि प्रत्येक विभाग नवाचारपूर्ण शैक्षणिक गतिविधियां संचालित करे, जो विद्यार्थियों के समग्र विकास में सहायक हों। सभी सदस्यों ने कॉलेज परिसर की स्वच्छता एवं हरियाली पर विशेष बल दिया। सभी विभागों को एनएएसी के आगामी मानदंडों के अनुरूप अपनी गतिविधियों की रिपोर्ट अद्यतन करने के निर्देश दिए गए। साथ ही शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की गई। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि कॉलेज परिसर को हरित, स्वच्छ, सौंदर्यपूर्ण एवं पर्यावरण-अनुकूल बनाया जाए। सभी विभागों को शोध-पत्र, लेख एवं परियोजनाओं के माध्यम से अनुसंधान कार्यों में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित किया गया। आईक्यूएसी ने आगामी सत्र में औद्योगिक, प्रशासनिक एवं स्थानीय सामाजिक संगठनों के साथ एमओयू करने का निर्णय लिया, जिससे छात्रों को व्यावहारिक अनुभव एवं रोजगार अवसर प्राप्त हो सकें। औद्योगिक क्षेत्रों में विशेष रूप से टेक्सटाइल, ईंट निर्माण एवं खाद्य उद्योगों से सहयोग स्थापित करने की योजना बनाई गई।

सदस्यों ने अंतर-महाविद्यालयीन खेल प्रतियोगिताएँ आयोजित करने का प्रस्ताव रखा। ताकि, विद्यार्थियों के शारीरिक विकास को बढ़ावा मिले। साथ ही करियर मार्गदर्शन कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों को व्यावसायिक दिशा प्रदान करने का निर्णय लिया गया। बैठक में एनएसएस गतिविधियों की भी समीक्षा की गई और छात्र सहभागिता को और प्रभावी बनाने पर बल दिया गया। विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों की सुविधा हेतु कॉलेज कैंटीन खोलने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। बैठक का समापन प्राचार्य डॉ. सविता चंद्राकर के धन्यवाद ज्ञापन एवं शत्रुघ्न पटेल (शिक्षा विभाग एवं नैक संयोजक) के आभार प्रदर्शन के साथ हुआ।

**आयोजन :** मगरलोड में संगम साहित्य एवं सांस्कृतिक समिति ने किया सम्मान

# अनुसुइया को मिला गजानंद संगम सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ प्रदेश की अग्रणी साहित्यिक संस्था संगम साहित्य एवं सांस्कृतिक समिति मगरलोड का वार्षिक उत्सव कार्यक्रम 5 नवंबर 2025 को हुआ। जिसमें महासमुंद के स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो अनुसुइया अग्रवाल को राज्य स्तरीय गजानन संगम साहित्य सम्मान से अलंकृत किया गया। यह आयोजन मगरलोड के संगम सदन रामलीला मैदान में किया गया।

कार्यक्रम का प्रथम सत्र सिहावा विधानसभा क्षेत्र के विधायक अंबिका मरकाम के मुख्य आतिथ्य, डुमन लाल ध्रुव अध्यक्ष हिंदी साहित्य परिषद जिला धमतरी की अध्यक्षता एवं लिलेश सुरेश साहू अध्यक्ष नगर पंचायत मगरलोड, रुक्मणी तोरण सिन्हा उपाध्यक्ष नगर पंचायत मगरलोड, नीतू खिलावन साहू पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत मगरलोड, राज योगिनी ब्रह्मकुमारी अखिलेश बहनजी संचालिका ओम शांति सेंटर मगरलोड, तिजेश्वरी लोमसिंह साहू पार्षद मगरलोड के विशिष्ट आतिथ्य में हुआ। विद्यादायिनी मां सरस्वती के पूजन अर्चन के बाद कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। अतिथियों के स्वागत -सत्कार के पश्चात ओम शांति सेंटर के बालिकाओं द्वारा राज्यगीत एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र सरल ने स्वागत भाषण दिया। संरक्षक झाड़ू राम साहू ने समिति स्थापना के उद्देश्य एवं उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। तत्पश्चात ख्यातिलब्ध गुरु बैताल मानस मंडली मगरलोड की मनभावन प्रस्तुति हुई।

वार्षिकोत्सव के इस आयोजन में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले विभूतियों का सम्मान किया गया। सम्मान के क्रम में लोकसाहित्यवेत्ता, शिक्षाविद एवं वरिष्ठ साहित्यकार प्रो डॉ अनुसुइया अग्रवाल को संगम गजानन साहित्य सम्मान से विभूषित किया गया। यह सम्मान उनको शिक्षा, साहित्य, कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में अनवरत कार्य करते रहने पर प्रदान किया गया। विगत 40 वर्षों से उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत प्राध्यापकीय धर्म का निर्वहन करने के उपरांत वर्ष 2024 में प्राध्यापक के पद से प्राचार्य पद पर पदोन्नत होकर नवंबर 2024 से महासमुंद जिले के एकमात्र स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में प्राचार्य के पद पर सुशोभित हैं। उनके द्वारा अनेक पुस्तकों का लेखन एवं संपादन किया गया है। उनकी लिखी पुस्तकें शोधार्थियों द्वारा पीएचडी में संदर्भ ग्रंथ के रूप में प्रयुक्त किया जाता है। भारत सरकार के गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग द्वारा भी उनकी पुस्तक लोकसाहित्य शास्त्रः सिद्धांत और विकास स्वीकृत हुआ है। पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के स्नातकोत्तर हिंदी की कक्षाओं में उनकी लिखी पुस्तक छत्तीसगढ़ी लोकोक्तियां और जनजीवन तथा छत्तीसगढ़ के व्रत त्यौहार अऊ कथा,- कहिनीं लगभग 25 वर्षों तक संदर्भ ग्रंथ के रूप में स्वीकृत रही हैं। आकाशवाणी रायपुर एवं दूरदर्शन केंद्र दिल्ली और रायपुर से उनकी वार्ताएं और कविताएं छत्तीसगढ़ी एवं हिंदी में लगातार प्रसारित होती रहती हैं। लगभग 10 विद्यार्थियों ने उनके निर्देशन में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त कर ली है और लगभग आधे दर्जन विद्यार्थी शोध हेतु अध्यनरत है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनेक सम्मान प्राप्त डॉ अग्रवाल को सम्मानित करते हुए मगरलोड के सभी साहित्यकार हर्षित थे।



डॉ अनुसुइया के अतिरिक्त डॉ सुशीला साहू ममतामयी मानस मंडली अरौद के व्याख्याकार को तुलसी मानस सम्मान, शिवा प्रधान रक्तदान सेवा समिति धमतरी को प्रेमललिता समाज सेवा सम्मान, आराध्या साहू को संगम सुहेला कला सम्मान, शोभाराम ध्रुव को संगम श्याम पर्यावरण सम्मान तथा भोपाल मणी साहू को संगम सिरोतन सृजन सम्मान से सम्मानित किया गया।

तदुपरांत समिति के संरक्षक पुनुराम साहू राज ने मांग पत्र का वाचन किया। सभी अतिथियों ने अपने उद्बोधन में समिति के कार्यशैली और उपलब्धियों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। मुख्य अतिथि ने समिति के कार्यों की सराहना करते हुए नए वित्तीय वर्ष में संगम संग्रहालय के अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए विधायक निधि से राशि स्वीकृत करने की घोषणा की।

कार्यकम के द्वितीय सत्र में पुस्तक विमोचन एवं छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। ग्राम शुक्लाभांठा के ग्रामीण माताओं द्वारा सुआ नृत्य तथा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय भैंसमुंडी की बालिकाओं द्वारा आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के रूप में आराध्या साहू बल पंडवानी गायिका एवं गंगा बाई मानिकपुरी के पंडवानी की मनभावन प्रस्तुति हुई। नगर पंचायत मगरलोड तथा आसपास के कला साहित्य प्रेमी देर रात तक इस कार्यक्रम का आनंद उठाते रहे। वार्षिकोत्सव में भिलाई, रायपुर, महासमुंद, धमतरी, नगरी, कुरूद के साहित्यकार बड़ी संख्या में सम्मलित हुए। हरिभूमि चौपाल के सम्पादक दीनदयाल साहू, चंद्रशेखर शर्मा, रायपुर से चेतन भारती की उपस्थिति उल्लेखनीय है। कार्यकम का संचालन समिति के सचिव आत्माराम साहू और सदस्य देवनारायण निषाद ने किया।



## बेमचा में हुआ गोपाष्टमी कार्यक्रम

**महासमुंद।** विश्व हिंदू परिषद द्वारा सहाड़ा देव बाजार चौक बेमचा में गोपाष्टमी का कार्यक्रम बड़े ही हर्ष और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम गांव के महिला रामायण मण्डली द्वारा गौमाता पर भजन के माध्यम से गौमाता को मातालक्ष्मी के रूप वर्णन किया गया। तत्पश्चात गांव के वरिष्ठजनों द्वारा गौमाता और सहाड़ा देव का आरती कर पूजा अर्चना कर उपस्थित सभी सदस्यों ने गौमाता में खिचड़ी खिलाकर सभी ने खिचड़ी प्रसाद ग्रहण किया। उपस्थित सदस्यों ने गौसेवा, गौ रक्षा, गौ पालन, गौ सवंर्धन के विषय पर विस्तार से चर्चा की। गोपाष्टमी के दिन ही भगवान कृष्ण ने अपने माता, पिता से गाय चराने का अनुरोध किया था। माता यशोदा ने भगवान कृष्ण को गाय चराने का अनुमति दिया था। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से गांव वरिष्ठजन, रामायण मंडली के महिला एवं पुरूष, द्वारिका चंद्राकर, रामलाल चंद्राकर, किशोर चंद्राकर, विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष हर्षवर्धन चंद्राकर, उत्तम वर्मा, सुरेंद्र महाराज एवं विहिप के सदस्य उपस्थित थे।



## सीसी रोड के लिए नपाध्यक्ष ने किया भूमिपूजन

**महासमुंद।** इमलीभांठा वार्ड क्रमांक 10 में सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू के मुख्यातिथ्य व वार्ड पार्षद माखन लाल पटेल की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, जीएस ठाकुर, आलोक दुबे, विजय चंद्राकर, मनीष ठाकुर, रिंकू चंद्राकर आदि उपिस्थत रहे। भूमिपूजन के दौरान अध्यक्ष साहू ने कहा कि शहर का विकास ही हमारी प्राथमिकता है। विभिन्न वार्डों में निर्माण कार्य हो रहे हैं। आज यहां सीसी रोड के लिए भूमिपूजन किया गया। रोड बनने से यहां के नागरिकों को सुगम आवागमन का साधन उपलब्ध होगा। यह सड़क संजय साहू के घर से आंगनबाड़ी केंद्र तक बनाया जा रहा है। इस मार्ग के बनने से स्थानीय नागरिकों को बारिश के समय समस्याएं नहीं होगी। नगर के विकास और मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए हमारा प्रयास सतत जारी रहेगा। वार्ड पार्षद माखन पटेल ने भी संबोधित किया।



## नांदगांव स्कूल में छात्रों को कराया न्योता भोज

**महासमुंद।** सोमवार को प्राथमिक शाला नांदगांव के प्रधानपाठक शीला चंद्राकर के पुत्र अनमोल चंद्राकर के जन्मदिन पर शाला में न्योता भोज का आयोजन किया गया। सभी विद्यार्थियों को पौष्टिक व गुणवत्ता पूर्ण भोजन पुलाव, जलेबी, कप केक तथा आलू छोले की सब्जी परोसा गया। इस अवसर पर शिक्षकगण अजय कुमार बंजारे, कमलेश कुमार पटेल, पोखन लाल चंद्राकर, लक्ष्मी साहू उपस्थित रहे।

## दिव्यांगजनों के प्रमाणीकरण, नवीनीकरण, यूडीआईडी कार्ड बनाने के लिए सभी विकासखण्डों में शिविर 17 से

**महासमुंद।** दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के तहत अधिसूचित 21 प्रकार के दिव्यांगता के आधार पर दिव्यांगता धारक व्यक्तियों की पहचान करने के लिए समाज कल्याण विभाग द्वारा कराए गए दिव्यांगों के डोर-टू-डोर सर्वेक्षण के तहत जिले अंतर्गत कुल 36560 व्यक्तियों को संभावित दिव्यांग के रूप में चिन्हित किया गया है। जिसमें से समाज कल्याण द्वारा कुल 30385 दिव्यांगजनों का भारत सरकार की ऑनलाइन पोर्टल **https://swavlam-bancard.gov.in/** के माध्यम से यूडीआईडी कार्ड बनाये जाने हेतु लक्ष्य दिया गया है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा शिविर के संचालन के लिए स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण विभाग को दायित्व सौंपा गया है। कलेक्टर ने संबंधित विभागों को समन्वय के साथ दायित्वों का निर्वहन करते हुए शिविर आयोजित करने निर्देशित किया है।

# 'खेल में जीत हार से ज्यादा महत्वपूर्ण है खेल भावना'

**खुसरूपाली में कबड्डी प्रतियोगिता का विधायक ने किया शुभारंभ**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

ग्राम पंचायत खुसरूपाली में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव थे। मुख्य अतिथि विधायक यादव कर ग्राम आगमन पर ग्रामवासियों ने आत्मीय स्वागत किया। पूजा अर्चना बाद मुख्य अतिथि यादव ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि विधायक यादव ने शारीरिक व मानसिक विकास के लिए खेल बहुत आवश्यक है। खेल में जीत हार से ज्यादा महत्वपूर्ण है खेल भावना। खिलाड़ियों को खेल भावना से प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का परिचय देना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से ग्रामीण प्रतिभाओं को निखरने का अवसर मिलता है और आगे चलकर राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल सकती है। इसके बाद मुख्य अतिथि विधायक यादव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सरपंच खामु ठाकुर, उमराव दीवान, गिरिराज नेताम, पूनम मानिकपुरी, पवन साहू, ललित साहू, लक्ष्मण ठाकुर, डेरहा ठाकुर, हेमलाल साहू, चूड़ामणि ठाकुर, रवि साहू, भूषण ठाकुर, दीनदयाल यादव, राजेंद्र गुरुजी सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे।

# केनरा बैंक में पासबुक एंट्री मशीन बंद होने से खाताधारक परेशान

## शासकीय योजनाओं की राशि को लेकर भ्रमित हैं खाताधारक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

केनरा बैंक पिथौरा शाखा में पिछले कई महीनों से पासबुक एंट्री मशीन बंद रहने से ग्रामीण ग्राहकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले अधिकांश खाताधारक अपनी आर्थिक गतिविधियों, सरकारी योजनाओं की किश्तों और लेनदेन की जानकारी पासबुक के माध्यम से प्राप्त करते हैं, परंतु मशीन खराब होने से वे असमंजस की स्थिति में हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि वे बार-बार बैंक पहुंचते हैं, लेकिन हर बार उन्हें "मशीन खराब है" कहकर लौटा दिया जाता है। कई लाभार्थी प्रधानमंत्री आवास, किसान सम्मान निधि या अन्य सरकारी योजनाओं की राशि की पुष्टि पासबुक से करना चाहते हैं, पर एंट्री नहीं होने से वे भ्रमित हैं।

बैंक कर्मचारियों ने बताया कि पासबुक एंट्री मशीन में तकनीकी खराबी है, और जरूरत पड़ने पर ग्राहकों को अकाउंट स्टेटमेंट उपलब्ध कराया जाता है। वहीं




ग्रामीणों का कहना है कि पासबुक में तुरंत एंट्री हो जाने से खातों की स्थिति स्पष्ट रहती है और किसी तरह का भ्रम नहीं होता। उन्होंने आरोप लगाया कि बैंक कर्मचारियों का व्यवहार भी कई बार असहयोगपूर्ण रहता है, जिससे परेशानी और बढ़ जाती है। ग्राहक टिकेश्वर ने बताया कि उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि की जानकारी लेने कई बार बैंक का चक्कर लगाया, लेकिन पासबुक में एंट्री न होने से अब तक स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है। ग्रामीणों ने बैंक प्रबंधन और उच्च अधिकारियों से मांग की है कि पासबुक एंट्री मशीन की मरम्मत जल्द से जल्द करवाई जाए, ताकि उन्हें अपने खातों की स्थिति जानने में आसानी हो और बार-बार बैंक का चक्कर लगाने से मुक्ति मिल सके।



## तहसील साहू संघ बसना के अध्यक्ष बने महेंद्र

**बसना।** तहसील साहू संघ बसना के चुनाव में इस बार समाज के युवा महेंद्र साव (हिरवानी कुल) ने अध्यक्ष पद पर विजय प्राप्त की है। महेंद्र साव का समाज सेवा से गहरा जुड़ाव रहा है। वे कर्मा माता मंदिर निर्माण के कार्य में प्रारंभ से ही सक्रिय रहे हैं और लगातार समाज के लोगों के साथ मिलकर सेवा व सहयोग का कार्य करते आए हैं। उनके सहज व्यवहार, मिलनसार स्वभाव और समाज के प्रति निष्ठा के कारण उन्हें इस बार के चुनाव में भारी जनसमर्थन मिला। चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण और उत्साहपूर्ण माहौल में हुई। पूर्व तहसील साहू समाज अध्यक्ष पंकज साहू के नेतृत्व में आयोजित इस निर्वाचन में समाज के अनेक नागरिक एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। महेंद्र साव की विजय पर क्षेत्र के समाजजनों में हर्ष व्याप्त है।



## खबर संक्षेप



### घोंघे से ग्रामीण त्रस्त सब्जी फसल को पहुंचा रहे नुकसान

**नर्रा।** बागबाहरा विखं के अनेक गांवों मे चमकीली घोंघे से ग्रामीण त्रस्त है। यह घोंघे की आकार शंख की तरह चमकीली है। यह घोंघे बाड़ी, खेत, घरों तथा सड़क किनारे में देखा जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि घोंघे सब्जियों की पत्तियां, तनों और फूलों को खा जाते हैं। जिससे फसलों को भारी नुकसान पहुंच रहा है, जिससे पैदावार में भी कमी देखा जा रहा है। छोटे पौधे को पूरी तरह से नुकसान कर कुतर देते है और नष्ट कर देते है। ग्रामीणों ने बताया कि घोंघे पर नमक डाल देने से मर जाता है।

### 8 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर 2 मृतकों के निकटतम वारिसान के लिए चार लाख रुपए के मान से कुल 8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। इनमें पानी में डूबने से मृत्यु होने पर महासमुंद विकासखंड अंतर्गत मौहरी भाठा महासमुंद की मृतिका नेहा साहू के पिता विष्णु साहू के लिए एवं ग्राम बेलटुकरी के मृतक ओकेलाल पटेल की पत्नी पार्वती पटेल के लिए चार-चार लाख रुपए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### सर्द हवा चलने से क्षेत्र में बढ़ी ठिठुरन

**नर्रा।** बीते कुछ दिनों से उत्तर दिशा से सर्द हवा चलने से क्षेत्र में ठिठुरन जैसे ठंड पड़ने से गर्म कपड़े शाल, स्वेटर, टोपी जैकेट का उपयोग करना लोगों ने शुरू कर दिया। वहीं ठंड के कारण शाम के 8 बजते ही सड़कें वीरान हो जाती है। ग्रामीण अंचल के गांवों में ठंड से बचने अल सुबह अलाव का सहारा लेते नजर आ रहे ग्रामीण है। अब गर्म कपड़े की मांग बढ़ने लगी है।



### खरोरा में रोज निकाली जा रही प्रभात फेरी

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में रोज सुबह से प्रभात फेरी निकाली जा रही है। इस प्रभात फेरी में धार्मिक जुलूस का वर्णन करता है, इसी को प्रभात फेरी कहते है। जहां लोगों ने सुबह-से भजन गाते हुए और जय माता दी जैसे नारे लगाते हुए सामूहिक रूप से जुलूस निकालते हैं, जैसे धार्मिक अवसरों पर जय माता दी जयकारों के साथ की जाती है। प्रभात फेरी का अर्थ है सुबह का जुलूस। यह एक पवित्र जुलूस है जो सूर्योदय से पहले सुबह से निकालते हैं। जिसमें लोग भजन और कीर्तन गाते हुए शांति और सकारात्मकता फैलाने के लिए एक साथ चलते हैं। इस टीम के प्रमुख रंजित चंद्राकर, भीखम यादव, भूषण चंद्राकर, परशु यादव, लक्ष्मीचंद धीवर, राधे निर्मलकर, राजू सेन, दिलीप सेन, हीराबाई चंद्राकर, दुलार यादव, उमेन्द्र चंद्राकर, तनु निर्मलकर, माधुरी पटेल,अनुसुईया चंद्राकर आदि शामिल है।



### स्काउट प्रशिक्षण में छात्र हुए सम्मानित

**महासमुंद।** वेडनर मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र भौमिक तिवारी, और्जित सिंह यादव, एकलव्य यादव, मोहम्मद अस्जद रज़ा को 5 नवंबर से 9 नवंबर तक भारत स्काउट एवं गाइडस तृतीय सोपान प्रशिक्षण शिविर ग्राम कोसरंगी में आयोजित प्रशिक्षण में भाग लेने पर उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर शाला के प्राचार्य रेव्ह. फादर देवानंद बाघ ने हर्ष जताया। छात्रों को मार्गदर्शन देने में शिक्षक स्काउट गाइड प्रभारी मोहित कुमार वर्मा का योगदान रहा।

**योजना : साइकिल वितरण समारोह पहुंचे क्षेत्रीय विधायक**

# भूकेल स्कूल की छात्राओं को सरस्वती साइकिल वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना



ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों को शिक्षा से जोड़ने और उनकी विद्यालय तक पहुंच को सरल बनाने के उद्देश्य से बसना विधानसभा क्षेत्र के ग्राम भूकेल स्थित स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी एवं हिंदी उत्कृष्ट विद्यालय में सोमवार को निःशुल्क सरस्वती साइकिल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और अपने हाथों से छात्र-छात्राओं को सायकल वितरित की।

विधायक अग्रवाल ने कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजा-अर्चना कर की, जिसके बाद साइकिल वितरण का सिलसिला शुरू हुआ। छात्र-छात्राओं को नई साइकिल मिलने पर उनके चेहरे पर खुशी और उत्साह साफ झलक रहा था।

इस अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय और विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. अग्रवाल ने कहा कि यह सायकल वितरण योजना छत्तीसगढ़ सरकार की एक अत्यंत सार्थक पहल है। उन्होंने अपने उद्बोधन में जोर देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों के लिए यह योजना विद्यालय तक पहुंच को सरल बनाते हुए शिक्षा के प्रति उत्साह और निरंतरता को प्रोत्साहित करती है। अब दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले मेरे प्यारे बच्चों को स्कूल आने में कोई परेशानी नहीं होगी। यह साइकिलें आपको न केवल स्कूल तक पहुंचाएंगी, बल्कि आपके भविष्य निर्माण की गति को भी बढ़ाएंगी। विधायक ने विशेष रूप से विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आप सभी देश का भविष्य हैं। यह साइकिलें आपको एक सुविधा दे रही हैं, लेकिन आपका असली लक्ष्य अपनी शिक्षा पर केंद्रित करना होना चाहिए। मेहनत करें, लगन से पढ़ें और अपने माता-पिता के साथ-साथ इस क्षेत्र और प्रदेश का नाम रोशन करें। याद रखें, दुनिया में शिक्षा ही सबसे बड़ा धन है।

इस अवसर पर जनपद पंचायत उपाध्यक्ष मोहित पटेल, सरपंच त्रिलोचन भोई, सरपंच कांता सिदार, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता रीतिराम पटेल, उपसरपंच लखेश्वर पटेल, गोरिया रियाज मोहम्मद, अध्यक्ष एसएमडीसी सागरचंद्र कश्यप, सोसायटी अध्यक्ष केदार पटेल, विधायक प्रतिनिधि अरविंद मिश्रा, बीआरसी अनिल सिंह, जनपद सदस्य अरुण साहू, पंचगण शिव, पंच प्रतिनिधि किरण यादव, गंगाराम, प्राचार्य चक्रधर पटेल आदि मौजूद रहे। मंच संचालन विजय शंकर निषाद ने किया।

#### क्षेत्र के विकास के प्रति दोहराई प्रतिबद्धता

कार्यक्रम समाप्ति के बाद विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने शिक्षा और क्षेत्र के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। विधायक ने मीडिया से चर्चा के दौरान कहा कि भूकेल में आत्मानंद स्कूल की स्थापना एक मील का पत्थर है। सरस्वती सायकल वितरण जैसी योजनाएं यह सुनिश्चित करती हैं कि आर्थिक या भौगोलिक बाधाओं के कारण कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। हमारी सरकार शिक्षा के मूलभूत ढांचे को मजबूत करने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। हम हर बच्चे के उज्ज्वल भविष्य के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने आगे कहा कि बसना विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं के विकास को प्राथमिकता दी जा रही है, और जल्द ही कई महत्वपूर्ण कार्य धरातल पर दिखाई देंगे। यह आयोजन क्षेत्र में शिक्षा के प्रति सकारात्मक माहौल बनाने में सफल रहा।

# प्रधानमंत्री आवास योजना : 55687 गरीब परिवारों का आवास स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- प्रधानमंत्री जनमन योजनांतर्गत 678 विशेष पिछड़ी जनजाति के हितग्राहियों का आवास बनेगा



प्रधानमंत्री आवास योजना गरीब परिवारों के विकास की दिशा में सम्मान और सुरक्षा का प्रतीक है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मूल मंत्र के साथ यह योजना देश के हर उस नागरिक तक छत पहुंचाने का प्रयास किया है, जिसके सिर पर अब तक अपना घर नहीं था। शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में इस योजना ने गरीबों के पक्के मकान का सपना पूरा किया है, साथ ही स्वच्छता, जीवन-स्तर और सामाजिक गरिमा में भी अभूतपूर्व सुधार लाया है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के माध्यम से जहां गाँवों में लाखों परिवारों को नया घर मिला है, वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) ने शहरों में रहने वाले आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को सम्मानजनक आवास प्रदान किया है। इस योजना से गरीबी उन्मूलन, महिला सशक्तिकरण, रोजगार सृजन और आत्मनिर्भर भारत के सपने को आधार मिला है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस मिशन को पूरा करने के लिए राज्य सरकार मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में कदम से कदम मिलाकर चल रही है। चयनित पात्र हितग्राहियों के पक्के घर का सपना पूरा करने के लिए तीव्र गति से कार्य कर रही है। महासमुंद जिले में इसका बेहतर क्रियान्वयन देखने को मिल रहा है। जिंदगी भर कच्चे मकान में रहने की दुःख से उबरते हुए अब गरीब परिवारों को भी पक्का छत नसीब हो रहा है।

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत जिले में वर्ष 2024-25 में 51 हजार 955 आवास स्वीकृत करने का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें अब तक 45 हजार 75 आवास स्वीकृत हुए हैं। इनमें से अब तक 13 हजार 621 आवास पूर्ण हो चुके हैं, जबकि 31 हजार 454 आवास निर्माणाधीन हैं। जिसके तहत 43 हजार 321 हितग्राहियों के खाते में प्रथम किस्त की राशि जारी किया गया है। इसी तरह 22 हजार 204 हितग्राहियों को द्वितीय किस्त एवं 7 हजार 497 हितग्राहियों को तृतीय किस्त की राशि जारी किया जा चुका है। इसी तरह 2025-26 में 13 हजार 976 आवास स्वीकृत करने का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें अब तक 10 हजार 612 आवास स्वीकृत हो चुका है तथा 3 हजार 364 स्वीकृत कार्य प्रक्रियाधीन है। इसके अलावा समाज के मुख्यधारा से कटे जनजाति और विशेष पिछड़ी समुदाय के लोगों को पक्का आवास मुहैय्या कराने प्रधानमंत्री जनमन योजनांतर्गत महासमुंद जिले में बागबाहरा, महासमुंद एवं पिथौरा के 678 हितग्राहियों का आवास स्वीकृत किया गया, जिनमें से 372 आवास पूर्ण हो चुके हैं तथा 306 आवास प्रगतिरत हैं। जिसके तहत 673 हितग्राहियों के खाते में प्रथम किस्त की राशि जमा किया गया है। इसी तरह 560 हितग्राहियों को द्वितीय किस्त, 465 हितग्राहियों को तृतीय किस्त एवं 307 हितग्राहियों को चतुर्थ किस्त की राशि जारी किया जा चुका है। अब उनके सपने पूरा होने को है।

## भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष से मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर से भाजपा सदस्य व किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने मुलाकात कर गमछा भेंट किया। उन्होंने कहा उनके साथ की गई चर्चाएं और उनसे प्राप्त मार्गदर्शन किसान हित और संगठन के कार्यों के लिए अवश्य ही उपयोगी साबित होंगे।

## गढ़फुलझर में मनाई गई गुरु नानक जयंती

### जिला पंचायत सदस्य मोक्ष कुमार प्रधान ने गुरुद्वारा में टेका मत्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना



ग्राम गढ़फुलझर स्थित गुरुद्वारा भवन में प्रथम सिख गुरु, गुरु नानक देव की जयंती बड़े हर्षोल्लास और धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाई गई। सुबह से ही गुरुद्वारा परिसर को रंग-बिरंगे फूलों और रोशनी से सजाया गया था। श्रद्धालुओं ने गुरुबाणी का सामूहिक पाठ कर गुरु नानक देव के उपदेशों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य मोक्ष कुमार प्रधान विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने गुरुद्वारा पहुंचकर माथा टेका और गुरु परंपरा के प्रति अपनी गहरी श्रद्धा व्यक्त की। मोक्ष कुमार प्रधान ने इस मौके पर कहा कि गुरु नानक देव ने समाज में समानता, भाईचारा और सेवा का संदेश दिया। उनके उपदेश आज भी मानवता के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं से गुरु नानक देव की शिक्षाओं को जीवन में अपनाने की अपील की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। गुरुद्वारे में कीर्तन, लंगर वितरण और बच्चों द्वारा प्रस्तुत धार्मिक भजन मुख्य आकर्षण रहे।

## जिला जेल में मनोसामाजिक परामर्श शिविर का आयोजन

**महासमुंद।** एनएचएम, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जिला जेल महासमुंद में बंदियों और स्टॉफ के साथ मिलकर मनोसामाजिक परामर्श शिविर आयोजित किया गया। जिसमें 150 बंदी को स्क्रीनिंग किया गया। 17 बंदी सामान्य से अत्यधिक तनाव ग्रस्त पाया गया। इसमें मुख्यतः 2 डिप्रेशन, 5 एल्कोहल विड्रॉल, 2 कैनबिस, 3 डिप्रेशन, 1 साइकोसिस, 2 एंजायटी, 1 स्ट्रेस, 1 सीजर डिसऑर्डर के मानसिक रोग मरीज मिले। इसमें कई ऐसे मरीज है जो पूर्व से साइकेट्रिक मेडिसिन चल रहा है। सभी को बारी-बारी बुलाकर मनोसामाजिक परामर्श के साथ ग्रुप थैरेपी दिया गया। रजत जयंती के मौके पर मानसिक स्वास्थ्य जांच, तनाव प्रबंधन एवं आत्महत्या रोकथाम कार्यशाला आयोजित किया गया। मौसमी बीमारी आदि के बारे में बताया गया। डॉ आई नागेश्वर राव सीएमएचओ, डॉ बी. माहेश्वरी संयुक्त संचालक सह अस्पताल अधीक्षक, नीलू घृतलहरे डीपीएम व डॉ सीपी चंद्राकर नोडल अधिकारी के मार्गदर्शन में मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम का समन्वय किया गया। इस अवसर पर जेल उप अधिक्षक मुकेश कुमार कुशवाहा मौजूद रहे। मेडिकल कालेज सह जिला अस्पताल महासमुंद से रामगोपाल खूंटे मनोरोग सामाजिक कार्यकर्ता, खोमन लाल सीनियर नर्सिंग ऑफिसर, देव कुमार डडसेना योग शिक्षक व टीम द्वारा 150 बंदियों व स्टॉफ के स्क्रीनिंग किया गया।

## परिणाम से बड़ा होता है खेल से मिला अनुभवः निखिलकांत

### झाखरपाली के कबड्डी प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए नपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- खेल के माध्यम से शरीर तो स्वस्थ रहता है, साथ ही मानसिक रूप से हम सशक्त



खल्लारी क्षेत्र के ग्राम झाखरपाली में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के दर्जनों कबड्डी टीमों ने खेल का प्रदर्शन किया। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महासमुंद नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए। उन्होंने पूजा-अर्चना कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया तथा सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल भावना से खेलने की बात कही।

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए नपाध्यक्ष साहू ने कहा कि पारंपरिक खेलों के आयोजन में ग्रामीण क्षेत्र आज भी अग्रणी है। कबड्डी केवल एक खेल ही नहीं बल्कि मन, मस्तिष्क को स्वस्थ रखने का एक बेहतर माध्यम भी है। इसके माध्यम से शरीर तो स्वस्थ रहता ही है। साथ ही मानसिक रूप से हम सशक्त होते हैं। हार-जीत से बढ़कर खेल का अनुभव मायने रखता है। खेल से मिले अनुभव से ही खिलाड़ी आगे अपने खेल कौशल में सुधार लाकर और बेहतर ढंग से प्रदर्शन करता है। उन्होंने आयोजन समिति के सदस्यों को स्पर्धा के आयोजन की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी तथा आयोजन में शामिल होने का अवसर प्रदान करने पर समस्त ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से शाहबाज राजवानी, रत्नेश साहू, सरिता राज दीवान सरपंच भुरकोनी, आलेखराम ठाकुर, पितांबर भोई, अरूण अग्रवाल, घनश्याम सोनवानी, तरूण अग्रवाल, शिव सागर, ओमप्रकाश साहू, अभिषेक साहू, माधव विश्वकर्मा, लखन भोई, परमानंद, ओमप्रकाश भोई सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व आयोजन समिति के सदस्य, पदाधिकारी उपस्थित थे।

## ओडिशा के सीएम से आदिवासी समाज ने की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी का सर्किट हाउस लभरा में रात्रि विश्राम के दौरान आदिवासी समाज के विभिन्न संगठन प्रमुखों ने सौजन्य भेंट की। साथ ही अनेक सामाजिक विषयों पर चर्चा भी की। इस अवसर पर कमलेश ध्रुव नवनिर्वाचित केंद्रीय गोड़वाना गोंड़ महासभा धमधागढ़, एमएल ध्रुव जिलाध्यक्ष छग अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ जिला महासमुंद, महेश कुमार ध्रुव जिला महासचिव, डमरुधर मांझी, सरजू सिंह कुंजाम अध्यक्ष बम्हनेश्वर परिक्षेत्र आदिवासी ध्रुव गोंड समाज, बलराम ध्रुव सक्रिय सदस्य, भाव सिंह नेताम सदस्य अखिल भारतीय गोंड़वाना गोंड़ महासभा आदि मौजूद रहे।

# छात्रों ने आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- सेजेएस महासमुंद में विविध प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



गौरव जनजातीय दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित गौरव जनजातीय पखवाड़ा पर सेजेस (हिंदी माध्यम) में स्वतन्त्रता सेनानियों के सम्मान में चित्रकला, नृत्यकला व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। चित्रकला में आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों को याद कर शहीद बिरसा मुंडा, गुंडाधुर, शहीद वीरनारायण सिंह, अहिल्या बाई का चित्र बनाकर उनकी जीवनी बताई गई। जिसमें प्रथम सागर चंद्राकर, द्वितीय कान्हा सोनी, तृतीय प्रेक्षा सिन्हा रहे।

शाला के छात्र-छात्राओं द्वारा बिरसा मुंडा की जीवनी पर आधारित नृत्य नाटक पर प्रस्तुत किया गया। प्रधान पाठक ने अपने उद्बोधन में कहा कि आदिवासी जनजातीय सदैव हमारे गौरव रहे है। इन्हीं के बलिदान स्वरूप आज हम स्वतन्त्रता पूर्वक जिंदगी जी रहे हैं। बिरसा मुंडा जैसे स्वतन्त्रता सेनानियों में भारत के राष्ट निर्माण एवं भारतीय संस्कृतियों को बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई।




